www.facebook.com/kheldhaba www.youtube.com/kheldhaba www.twitter.com/kheldhabanews www.kheldhaba.com

# खेल ढाबा

पटना, गुरुवार, 11 दिसंबर, 2025 | वर्ष-1 || अंक-131 || पृष्ठ-06 | डिजिटल समाचार पत्र





शुभमन गिल पर रहेंगी नजरे पेज-05 | क्रिकेट से ज्यादा कुछ पसंद नहीं पेज-05 | वनडे रैंकिंग में विराट कोहली दूसरे स्थान पर पेज- 05




# अर्जेंटीना को हरा भारत ने जीता कांस्य

## नौ साल बाद भारत ने जीता मेंस जूनियर हॉकी विश्व कप का पदक

**चेन्नई, 10 दिसंबर।** आखिरी 11 मिनट में अद्भुत वापसी करते हुए भारत ने बुधवार को 2021 की चैम्पियन अर्जेंटीना को 4-2 से हराकर नौ साल बाद जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में कांस्य पदक पर कब्जा किया।

**नौ साल बाद पदक, तीसरी बार कांस्य मुकाबला सफल :** दो बार (होबार्ट 2001 और लखनऊ 2016) की चैम्पियन भारतीय टीम ने आखिरी बार 2016 में पदक जीता था। पिछले दो संस्करणों में कांस्य पदक मुकाबले में हारकर टीम चौथे स्थान पर रही थी।

**अंतिम क्वार्टर में भारत का शानदार पलटवार :** भारतीय गोल अंकित पाल (49वां), मनमीत सिंह (52वां), शारदानंद तिवारी (57वां) और अनमोल इक्का (58वां) ने किए। अर्जेंटीना के लिए निकोलस रॉड्रिग्ज (5वां) और सैंटियागो फर्नांडिस (44वां) ने गोल दागे।

तीन क्वार्टर तक पिछड़ने के बाद भारत ने चौथे क्वार्टर में लगातार चार गोल दागकर मैच का रुख ही बदल दिया।

**स्कोर 2-2 होने के बाद मैच शूटआउट की तरफ बढ़ता दिखा:** 49वें मिनट में अंकित के गोल से भारत ने खाता खोला। 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर अनमोल की हिट मनमीत की स्टिक से टकराकर गोल में गई और स्कोर 2-2 हो गया।

ऐसा लग रहा था कि मैच शूटआउट में जाएगा, तभी भारत को 57वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे शारदानंद तिवारी ने गोल में बदल दिया।

**गोलकीपर प्रिंसदीप बने हीरो, अर्जेंटीना का गोल रोका :** अगले ही मिनट में अर्जेंटीना को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने शानदार बचाव करकेभारत की बढ़त बरकरार रखी।

58वें मिनट में अनमोल इक्का ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।

**शुरुआती गलती से मिला झटका, पहले हाफ में संघर्ष :**मुकाबले की शुरुआत भारत केलिए निराशाजनक रही। तीसरे मिनट में हुई गलती पर अर्जेंटीना को पेनल्टी स्ट्रोक मिला और रॉड्रिग्ज ने गोल कर दिया। पहले दो क्वार्टर में भारतीय फॉरवर्ड लाइन कई मौकों केबाद भी गोल नहीं कर सकी।

**दूसरे हाफ की शुरुआत में चूक, अर्जेंटीना ने बढ़त दोगुनी की :** दूसरे हाफ केपहले ही मिनट में भारत को चार पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन सभी बेकार गए। 44वें मिनट में सैंटियागो फर्नांडिस ने भारतीय डिफेंस को चकमा देकर अर्जेंटीना की बढ़त 2-0 कर दी।

**अंतिम 11 मिनट में भारत ने रचा इतिहास :** अंतिम क्वार्टर में भारत ने जिस तरह खेल दिखाया, उसने दर्शकों में जोश भर दिया। लगातार चार गोल दागकर भारत ने न सिर्फ मैच जीता बल्कि नौ साल बाद विश्व कप में पदक भी अपने नाम किया।

आखिरी क्वार्टर में जीत का यकीन था : कप्तान रोहित ने कहा कि उन्हें यकीन था कि आखिरी मिनटों में गोल हो जायेंगे। रोहित ने नौ साल बाद टूर्नामेंट में भारत को कांस्य पदक दिलाने के बाद कहा कि पहले तीन क्वार्टर में थोड़ा दबाव था लेकिन हमे यकीन था कि अगर आखिरी क्वार्टर में पूरे आक्रमण के साथ खेलें तो जीत जायेंगे। हमने वही किया और विचलित हुए बिना चार गोल दागे। उन्होंने कहा कि हमें मैच से पहले अहसास था कि यह कितना अहम मुकाबला है। सेमीफाइनल में जर्मनी से हारने का दुख था लेकिन उससे उबरकर हमने मजबूती से वापसी की और खुशी है कि खाली हाथ नहीं लौट रहे हैं।

**स्वर्ण का सपना टूटने के बाद कांस्य की उम्मीद थी:** शानदार प्रदर्शन करने वाले अनमोल इक्का ने कहा कि टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने का सपना टूटने के बाद हर हालत में कांस्य जीतने के इरादे से ही उतरे थे। उन्होंने कहा कि इस तरह के हालात में खेलने की पहले से ट्रेनिंग थी। सर्कल में बार बार जाने पर भी गोल नहीं हो रहे थे तो आखिरी क्वार्टर में पूरा आक्रामक होकर खेले। पहले तीन क्वार्टर में गोल नहीं आने के बाद कोच (पी आर श्रीजेश) ने कहा था कि अब सीखने सिखाने को कुछ बचा नहीं और जितना भी सीखा है,सब मैदान पर दिखा दो। उन्होंने कहा कि नौ साल बाद जूनियर विश्व कप में पदक जीतना बहुत अहम है। टूर्नामेंट जीतने के इरादे से आये थे लेकिन स्वर्ण पदक चूकने के बाद कांस्य हर हालत में लेना था।

## जर्मनी ने 8वीं बार जीता जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप

**चेन्नई, 10 दिसंबर।** जर्मनी ने बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में बुधवार को स्पेन को शूटआउट में 3-2 से हराकर आठवीं बार जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप जीत लिया।

सेमीफाइनल में भारत को हराने वाली जर्मनी के लिये बेनेडिक्ट गेयेर, एलेक वोन श्वेरिन और बेन हासबाश ने गोल किये जबकि स्पेन के लिये पाब्लो रोमन और जुआन प्राडो ही गोल कर सके।

इससे पहले निर्धारित समय में जर्मनी के लिये 26वें मिनट में जस्टस वारवेग ने गोल किया जबकि स्पेन के लिये 54वें मिनट में जी कोरोमिनास ने बराबरी का गोल दागा।

जर्मन टीम सात बार (1982, 1985, 1989, 1993, 2009, 2013, 2023) खिताब जीत चुकी है। वहीं स्पेन ने 2005 में रोटरडम और 2023 में भुवनेश्वर और राउरकेला में हुए टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता था।

इससे पहले पांचवें और छठे स्थान के मुकाबले में बेल्जियम ने नीदरलैंड को शूटआउट में 4-3 से हराया।

निर्धारित समय तक स्कोर 3-3 से बराबर रहने के बाद शूटआउट में बेल्जियम के लिए कप्तान लुकास बाल्थाजार, गुएरलेन हावाक्स, मैक्सिमिलन लैंगर और निकोलस बोगाएर्ज ने गोल किये जबकि नीदरलैंड के लिये जेल प्लांटेंगा, जान वान टीलैंउ और थिस बाकेर ही गोल कर सके। वहीं सातवें और आठवें स्थान के मुकाबले में फ्रांस ने न्यूजीलैंड को 4-1 से मात दी।



# राजगीर खेल अकादमी को अंतरराष्ट्रीय पहचान

## एशियन हॉकी फेडरेशन अकादमी और हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में मिली मान्यता

- अंतरराष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष ने खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह को सौंपा मान्यता प्रमाणपत्र
- चेन्नई में जूनियर वर्ल्ड कप हॉकी के फाइनल मैच के बाद आयोजित समारोह में हुआ प्रमाणपत्र प्रदान
- यह सम्मान बिहार की वैश्विक खेल उपलब्धियों का प्रमाण है : श्रेयसी सिंह




**पटना, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** राज्य खेल अकादमी, राजगीर को एशियन हॉकी फेडरेशन अकादमी और हॉकी सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में आधिकारिक मान्यता प्राप्त हुई है। बिहार केखेल इतिहास में यह एक मील का पत्थर है।

अंतरराष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष तैयब खान ने चेन्नई में आयोजित जूनियर वर्ल्ड कप हॉकी के फाइनल मैच के बाद आयोजित विशेष समारोह में यह प्रमाणपत्र बिहार की खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह को सौंपा। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण भी उपस्थित रहे।

प्रमाणपत्र प्राप्त करते हुए खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि देश के राष्ट्रीय खेल हॉकी के लिए अंतर्राष्ट्रीय फेडरेशन द्वारा राज्य खेल अकादमी को मिली यह मान्यता न केवल गर्व का विषय है, बल्कि बिहार की उभरती खेल शक्ति और एशियाई हॉकी संरचना में राज्य की मजबूत उपस्थिति का प्रमाण भी है। देश में पहली बार किसी राज्य खेल अकादमी को यह मान्यता मिली है।

**बिहार की वैश्विक खेल यात्रा में ऐतिहासिक कदम :** राज्य खेल अकादमी, राजगीर को एएचएफएफ अकादमी और सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस का दर्जा मिलना सरकार की खेल नीतियों, गुणवत्तापूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर, उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी और बिहार को भारतीय व वैश्विक खेल मानचित्र पर और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

**एशियन हॉकी फेडरेशन का आधिकारिक संदेश :** एएचएफ द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि राजगीर स्पोर्ट्स अकादमी को एशियन हॉकी फेडरेशन अकादमी और हॉकी सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में प्रमाणित करते हुए हमें खुशी हो रही है। यह मान्यता अकादमी केविज़न, विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, ग्रासरूट से हाई–परफॉर्मेंस स्तर तक हॉकी विकास की तैयारी और समर्पण का परिणाम है। राजगीर का स्ट्रक्चर्ड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सेंटर केरूप में उभरना पूरे एशिया में हॉकी इकोसिस्टम को मजबूत करने के एएचएफ मिशन से पूर्णतः मेल खाता है। एएचएफ ने इस पत्र को अकादमी केआधिकारिक एफिलिएशन प्रमाणपत्र केरूप में मानने का अनुरोध भी किया है।

**बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की प्रतिक्रिया :** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने इस अवसर को राज्य के खिलाड़ियों प्रशिक्षकों, खेल वैज्ञानिकों और खेल प्रशासकों केलिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि बिहार में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं, सरकार की सकारात्मक खेल नीति और खेल अवसंरचना में निरंतर निवेश का प्रतिफल है। उन्होंने आगे कहा कि यह मान्यता बिहार के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को नई ऊर्जा प्रदान करेगी और राजगीर अकादमी को हॉकी सहित अनेक प्रतिस्पर्धी खेलों के लिए प्रमुख प्रशिक्षण केंद्र केरूप में स्थापित करेगी।

**कूच बिहार ट्रॉफी@पटना**

# आयुष व आलम के शतक

- तीसरे दिन की खेल समाप्ति के बाद बिहार का स्कोर छह विकेट पर 345 रन
- हरियाणा की पहली पारी में स्कोर नौ विकेट पर 541 रन



**पटना, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** हरियाणा के खिलाफ स्थानीय मोइनुल हक स्टेडियम में खेले जा रहे कूच बिहार ट्रॉफी मुकाबले में बिहार ने तीसरे दिन की खेल समाप्ति के बाद छह विकेट पर 345 रन बना लिये हैं। बिहार की टीम अब भी हरियाणा की पहली पारी के आधार पर 196 रन से पीछे है। हरियाणा ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 541 रन बना कर घोषित की थी।

तीसरे दिन बिहार के आयुष रविशंकर ने अपने अर्धशतक को शतक में बदला जबकि मोहम्मद आलम ने शतकीय पारी खेली। आयुष रविशंकर ने 152 गेंदों पर 15 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 115 रन बनाए।

मध्य क्रम में मोहम्मद आलम ने धैर्यपूर्ण पारी खेलते हुए 229 गेंदों पर 102 रन की शतकीय पारी खेली। दोनों बल्लेबाज़ों ने टीम को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

तीसरे दिन बिहार की पारी की शुरुआत दूसरे दिन के 1 विकेट पर 84 रन से आगे किया। दूसरे दिन नौ रन पर खेल रहे यश प्रताप 8 रन बना कर आउट हो गए। इसके बाद मोहम्मद आलम ने आयुष रविशंकर के साथ मिल कर पारी को आगे बढ़ाया। दोनों के बीच 98 रन की साझेदारी हुई। बिहार को तीसरा झटका आयुष रविशंकर के रूप में लगा। आयुष रविशंकर के आउट होने के बाद मोहम्मद आलम को दीपेश गुप्ता का पूरा साथ मिला। दीपेश गुप्ता के बल्ले से रन कम निकले पर उन्होंने मोहम्मद आलम के साथ 105 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर बिहार को मजबूत स्कोर की ओर बढ़ाया। दीपेश 29 रन बना आउट हुए। पांचवां झटका मोहम्मद आलम के रूप में लगा जो 102 रन बना कर आउट हुए। सत्यम मात्र 14 रन बना कर आउट हुए। तीसरे दिन का खेल होने के समय सार्थक झा 25 और मोहित कुमार बिना खाता खोले खेल रहे थे।

हरियाणा की ओर से विष्णु चौधरी, तनमय बलोदा और आरव जेफ ने दो-दो विकेट हासिल किए।



शतकवीर आयुष रविशंकर (ऊपर) और मोहम्मद आलम (नीचे)।




# जेबीसी सुपर कबड्डी लीग के लिए बिहार में आयोजित हुआ सेलेक्शन ट्रायल

**पटना, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** बिहार में आयोजित होने जा रही जेबीसी (झारखंड–बिहार–छत्तीसगढ़) सुपर कबड्डी लीग की नीलामी में भाग लेने वाले बिहार के खिलाड़ियों केसेलेक्शन ट्रायल देव कबड्डी एकेडमी, फतुहा में आयोजित किया। इस सेलेक्शन ट्रायल में 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस ट्रायल केआधार पर 50 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो लीग में भाग लेने वाली टीमों केगठन केलिए होने वाले ऑक्शन में भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए बिहार राज्य कबड्डी संघ केचेयरमैन कुमार विजय सिंह ने बताया कि इस दो दिवसीय सेलेक्शन ट्रायल में बिहार केहर जिलों केप्लेयरों से हिस्सा लिया। इस सेलेक्शन ट्रायल में बिहार राज्य कबड्डी संघ से पंजीकृत 18 वर्ष से ऊपर केखिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। गौरतलब है कि इस लीग में बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। ऑक्शन के जरिए कुल छह टीमों का गठन किया जायेगा। यह लीग खिलाड़ियों के लिए सिर्फ जीत–हार का खेल नहीं, बल्कि अपनी पहचान बनाने और सपनों को सच करने का मंच होगा। ऑक्शन केजरिए टीमों केगठन केउसकेकैंप और प्रशिक्षण की जायेगी। इस लीग केचेयरमैन भी कुमार विजय सिंह हैं जबकि सीईओ कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सीईओ विपिन कुमार सिंह और सलाहकार प्रदीप कुमार (छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ) बनाये गए हैं। खिलाड़ियों की नीलामी भी जल्द होगी। साथ ही आयोजन स्थल और तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी।

# सब जूनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप भागलपुर में

- देशभर के 300 खिलाड़ी लेंगे भाग
- तैयारी अंतिम चरण में
- सभी मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग
- 13 से 16 दिसंबर तक आयोजन

**पटना, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** बिहार बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित योनेक्स–सनराइज 37वीं सब जूनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन 13 से 16 दिसंबर तक सैंडिस कंपाउंड, भागलपुर के इनडोर बैडमिंटन हॉल में होगा। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस अंडर–13 राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी अंतिम चरण में है।

इस प्रतियोगिता में देश के 33 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से करीब 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेने की पुष्टि की है। इसकी जानकारी बिहार बैडमिंटन संघ के मानद महासचिव के.एन. जायसवाल ने दी। बताया कि बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने सिंगल्स वर्ग में टॉप-10 और युगल वर्ग में टॉप-8 रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश दिया है। प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग के सिंगल्स व डबल्स मुकाबले कराए जाएंगे।

चैंपियनशिप के लिए कुल 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित है। विभिन्न वर्गों में विजेता, उपविजेता, सेमीफाइनलिस्ट और क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

प्रतियोगिता संचालन के लिए बीएआई ने केरल केटी. दिनेश को रेफरी, बिहार केअजय कुमार को डिप्टी रेफरी और मध्य प्रदेश के शिशिर खरे को मैच कंट्रोलर नियुक्त किया है। पांच कोर्ट पर खेले जाने वाले सभी मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग केरल की कंपनी द्वारा की जाएगी।

आयोजन सचिव ने बताया कि सत्यजीत सहाय को संयुक्त आयोजन सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश और झारखंड केअंपायर भी प्रतियोगिता संचालन में शामिल होंगे। सभी मुकाबले 21 अंकों के बेस्ट ऑफ थ्री रैली प्वाइंट सिस्टम से खेले जाएंगे।

# बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी टॉप-8 में

- जीसीए सीनियर परमेश्वर राय मेमोरियल अंडर-15 क्रिकेट के क्वार्टरफाइनल में

**पटना, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी और जीसीए सीनियर ने अपने-अपने मैच जीतकर परमेश्वर राय मेमोरियल अंडर-15 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जगह बना ली। बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी ने लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी को सात विकेट जबकि जीसीए सीनियर ने जीसीए पर तीन विकेट से जीत दर्ज की।

## पहला मैच

जीएसए ग्राउंड पर खेले जा रहे मुकाबले में लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 19.1 ओवर में 108 रन पर आल आउट हो गई। जवाब में खेलने उतरी बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी ने लक्ष्य को 10.2 ओवर में ही तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर सात विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। बसावन के लिए कुमार रोहिताश ने 46, युवराज ने 22 रन बनाए।

बसावन पार्क के लिए ओम प्रकाश ने 5 ओवर में 22 रन देकर चार, पुष्कर, हिमांशु ने दो-दो विकेट लिए। विजेता टीम के ओम प्रकाश को सरदार पटेल स्पोटर्स फाउंडेशन के महानिदेशक संतोष तिवारी ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया।

संक्षिप्त स्कोर

लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी : 19.1 ओवर में 108 रन पर आलआउट, वसीम 12, रवि प्रकाश 18, मो अयान 20, अतिरिक्त 27, ओम प्रकाश 4/22, हिमांशु 2/18, 2/25 पुष्कर, सैफ अली 1/16, अभिषेक ब्रेबो 1/5.

बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमीः 19.2 ओवर में तीन विकेट पर 109 रन, दीपू कुमार 14, युवराज 22, कुमार रोहिताश 44, आदित्य राज 15, अतिरिक्त 11, अनमोल रत्न 1/37, अमर 1/28, वसील रमहमेन 1/11.

## दूसरा मैच

दिन का दूसरा प्री क्वार्टरफाइनल मुकाबला जीसीए व जीसीए सीनियर के बीच खेला गया। टॉस जीसीए ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 21 ओवर में सभी विकेट खोकर 143 रन बनाए। जीसीए के लिए सर्वाधिक 61 रन अमन राज ने बनाए। जवाब में खेलने उतरी जीसीए सीनियर ने मैच को 16 ओवर में रौशन राज के नाबाद 59 रन और अविनाश के 32 रन की मदद से अपने नाम कर लिया। विजेता टीम के कार्तिक गुड्डू पांडे को प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

**संक्षिप्त स्कोर**

जीसीएः 21 ओवर में 143 रन पर आलआउट, शहरयार नफीस 15, अमन राज 61, समीर पांडे 11, पियूष 11, अतिरिक्त 19, कार्तिक गुड्डू पांडे 4/18, प्रतीक मनोज सिन्हा 2/18, आयुष राज 2/23

जीएसी सीनियर : 16 ओवर में 7 विकेट पर 144 रन, अविनाश कुमार 32, रौशन राज नाबाद 59, प्रतीक मनोज सिन्हा 11, अतिरिक्त 19, अमन राज 3/27, मो फैसल 2/33, अरसलान खान 2/46.

# नव्या गोयनका शीर्ष पर

- बालक वर्ग में प्रत्यूष, तेजस व अव्यय की बढ़त बरकरार
- बिहार राज्य अंडर-17 शतरंज प्रतियोगिता


बालिका वर्ग में शीर्ष पर चल रही नव्या गोयनका (बांए) एवं शालिनी श्रीवास्तव (दांये)

**बेगूसराय, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** स्थानीय राजौड़ा स्थित यमुना इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में चल रही बिहार राज्य अंडर-17 शतरंज प्रतियोगिता के तीसरे दिन आज बालक वर्ग में छठे चक्र की समाप्ति के पश्चात पांच अंक लेकर तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं।

अखिल बिहार शतरंज संघ के तत्वावधान में बेगूसराय शतरंज अकादमी के द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में आज खेले गए छठे चक्र के मुकाबले में तेजस ने प्रत्यूष को जबकि अव्यय शर्मा ने अचिन्त्य कश्यप को पराजित कर पांच अंक अर्जित किये। पहले से पांच अंक लेकर रहे प्रत्युष समेत तीनों खिलाड़ी संयुक्त रूप से बढ़त बनाते हुए अंतिम चक्र में विजेता के दावेदार बन कर प्रवेश किये। साढ़े चार अंको केसाथ कार्तिकेय नंदन एवं मनीष यादव संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए है। छठे चक्र के बाद शीर्ष बारह स्थानों पर फिडे रेटेड खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति बना रखी है। वहीं बालिकाओं के वर्ग में आज सम्पन्न हुए पांचवे चक्र की समाप्ति के बाद मुजफ्फरपुर की नव्या गोयनका अकेले शीर्ष पर आ गई है। आज खेले गए दोनों मुकाबलों में नव्या ने चौथे एवं पांचवे चक्र में क्रमशः पटना की शालिनी श्रीवास्तव एवं बेगूसराय की इशिका को पराजित कर पांच अंक अर्जित किये। साढ़े चार अंको के साथ बेगूसराय की आर्या सिन्हा एवं चार अंको केसाथ किशनगंज की दृष्टि दिया प्रामाणिक क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर चल रही है। कल प्रतियोगिता का अंतिम चक्र सुबह 9 बजे से खेल जाएगा।



परमेश्वर राय मेमोरियल क्रिकेट की विजेता टीम बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी।

# पीडीसीसी ए ने केसीसी को 74 रनों से हराया



- रितेश, सक्षम और अहशन की दमदार बल्लेबाजी
- हमजा–अमीर की धारदार गेंदबाजी
- केसीसी के रवि की 99 रन की पारी गई बेकार



**पूर्णिया, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** पूर्णिया जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर डिवीजन लीग (2025-26) के तहत बुधवार को डीएसए ग्राउंड में खेले गए लीग मैच में पीडीसीसी ए ने केसीसी को 74 रनों से पराजित किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीडीसीसी ए की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 277 रन बनाकर बड़ा लक्ष्य खड़ा किया, जिसकेजवाब में केसीसी की टीम 203 रन ही बना सकी।

**पीडीसीसी ए की संयम व आक्रामकता से भरी पारी :** पारी की शुरुआत अकीब मंजर आलम और कप्तान अयान अशर ने की। हालांकि कप्तान अयान 4 रन बनाकर जल्दी लौट गए, लेकिन अक़ीब ने सकारात्मक बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंदों पर 34 रन (3 चौके, 2 छक्के) बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। तीसरे नंबर पर उतरे विकेटकीपर बल्लेबाज सक्षम सिंह ने तेज खेल का प्रदर्शन करते हुए 35 गेंदों पर 55 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली जिसमें 5 चौकेऔर 5 छक्के शामिल थे।

अहशन इमरान खान ने भी 30 गेंदों पर 45 रन बनाकर मध्यक्रम को मजबूती दी। बाद में नितिन प्रसाद ने 23 रन का योगदान दिया। अंतिम ओवरों में रितेश यादव ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 26 गेंदों पर 61 रन (4 चौके, 6 छक्के) की नाबाद पारी खेलकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। अमीर मसूद ने भी 24 रन जोड़कर टीम को 277/7 तक पहुंचाया। टीम केकुल रन में 18 अतिरिक्त भी शामिल रहे।

**केसीसी की शुरुआत अच्छी, लेकिन नियमित गिरते विकेट बने हार की वजह :** लक्ष्य का पीछा करने उतरी केसीसी की टीम की शुरुआत अच्छी रही। नाज़रि ने 31 गेंदों पर 29 रन बनाये। दूसरी ओर ओपनर रवि यादववंशी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 99 रन की लम्बी पारी खेली। उनकी इस पारी में 9 चौकेऔर 6 छक्के शामिल थे, जिससे केसीसी ने शुरुआती झटकों केबावजूद रन रेट को बनाए रखा।

लेकिन दूसरी ओर से लगातार विकेट गिरते रहे। रबिउल (8), शिवम शर्मा (3), साहिल आलम (0) और ईशान अंसारी (0) जैसे महत्वपूर्ण बल्लेबाज सस्ते में आउट हो गए। कप्तान नवीन कुमार ने 24 रन बनाकर टीम को आगे बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन पीडीसीसी ए केगेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा। अंत में टीम निर्धारित ओवरों में 203/7 तक ही पहुंच सकी।

पीडीसीसी ए के गेंदबाजों का सटीक प्रदर्शन : पीडीसीसी ए की जीत में गेंदबाजों की भूमिका भी अहम रही।

हमजा अरफिन ने 6 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट, अमीर मसूद ने 6 ओवर में 32 रन देकर 3 और सक्षम सिंह ने 1 विकेट चटकाया। इसके अलावा रितेश यादव और किशोर कोहली ने किफायती गेंदबाजी कर विपक्षी बल्लेबाजी पर अंकुश लगाया।

# राजू वाल्श मेमोरियल ट्रॉफी एनडीजीएल में नालंदा बी व जी जीते

**बिहारशरीफ, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नालंदा के तत्वावधान में खेली जा रही राजू वाल्श मेमोरियल ट्रॉफी फॉर नालंदा जिला जूनियर डिवीजन क्रिकेट लीग केअंतर्गत बुधवार को खेले गए मैचों में नालंदा बी और नालंदा जी ने जीत हासिल की। नालंदा बी ने नालंदा एच को 123 और नालंदा जी ने नालंदा ए को 8 विकेट से हराया।

## पहला मैच

एनसीए ग्राउंड पर खेले गए पहले मैच में नालंदा बी ने नालंदा एच को 123 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नालंदा बी ने निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट केनुकसान पर 165 रन बनाए। टीम की ओर से प्रियंशु सुबोध राज ने 60 रन और राजीव संगमा ने 53 रन की उपयोगी पारी खेली। गौरव कुमार 30 रन पर नाबाद रहे।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी नालंदा एच की टीम नालंदा बी केगेंदबाजों केसामने टिक नहीं सकी और मात्र 42 रन पर 9.5 ओवर में ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से राजवीर वर्मा ने 14 रन और मोहम्मद आतिफ ने 11 रन बनाए। नालंदा बी केगेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन किया। शिवम यादव ने 2.5 ओवर में 7 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि चंद्रभान ने 3 विकेट झटके।

## दूसरा मैच

नालंदा जी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नालंदा ए को 8 विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नालंदा ए की टीम 17 ओवर में मात्र 67 रन पर सिमट गई, जिसकेजवाब में नालंदा जी ने लक्ष्य को सिर्फ 8.5 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया।



टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए नालंदा ए की शुरुआत खराब रही। टीम केशीर्ष क्रम केबल्लेबाज लगातार पवेलियन लौटते रहे जिसका असर टीम केकुल स्कोर पर पड़ा। मोहम्मद फैजान ने 9 रन बनाकर पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल सका। टीम के67 में से 38 रन अतिरिक्त केरूप में आए, जिसमें 32 वाइड शामिल थे।

बल्लेबाज़ी में संघर्ष कर रही नालंदा ए पर नालंदा जी केगेंदबाज हावी रहे। अनिकेत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट चटकाए। वहीं अखिलेश कुमार ने 2 विकेट हासिल किए और सनी यादव ने शुरुआती झटकेदेते हुए 2 विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करते हुए नालंदा जी ने तेज शुरुआत की। कप्तान केजल्दी आउट होने केबाद रोहित कुमार और उत्कर्ष ने संभलकर बल्लेबाजी की और टीम को जीत केकरीब ले गए। उत्कर्ष ने 31 रन (3 चौके, 1 छक्का) की मैच जिताऊपारी खेली, जबकि रोहित कुमार ने 27 रन बनाकर नाबाद रहे।

# इंडस स्पोर्टिंग क्लब की 157 रनों से शानदार जीत

- अररिया जिला अंडर-16 क्रिकेट लीग में जयेश क्रिकेट अकादमी रेड पराजित
- विजेता टीम के अंकित कुमार बिस्वास को मैन ऑफ द मैच चुना गया

**अररिया, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** स्थानीय सुभाष चंद्र स्टेडियम में चल रही अररिया जिला अंडर-16 क्रिकेट लीग में इंडस स्पोर्टिंग क्लब ने जयेश क्रिकेट अकादमी 'रेड' को 157 रनों से पराजित किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडस स्पोर्टिंग क्लब ने निर्धारित 30 ओवर में 232 रन बनाए। टीम की ओर से सचिन कुमार ने 53 गेंदों पर 49 रनों की उपयोगी पारी खेली जबकि अंकित कुमार बिस्वास ने 45 गेंदों में 24 रन जोड़े। सैफ ने भी 18 गेंदों पर 46 रनों का बेहतरीन योगदान दिया।

जयेश क्रिकेट अकादमी रेड की ओर से गेंदबाजी में अंशु और महताब शेख ने 3-3 विकेट हासिल किए, वहीं जयेश कश्यप को 2 विकेट मिले।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जयेश क्रिकेट अकादमी रेड की टीम 19.4 ओवर में 75 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी में शानू सेहरी ने 44 गेंदों पर 39 रन बनाए, जबकि अंशु ने 15 गेंदों में 6 रन जोड़े, लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी।

इंडस स्पोर्टिंग क्लब की ओर से घातक गेंदबाजी करते हुए अंकित कुमार बिस्वास ने 5.4 ओवर में 13 रन देकर 4 विकेट झटके। किशु रंजन को 2 विकेट मिले और प्रिंस राज ने भी 1 विकेट हासिल किया।

इस शानदार प्रदर्शन के लिए अंकित कुमार बिस्वास को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

मैच के अंपायर की भूमिका पंकज कुमार और अमन कुमार ने निभाई, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी अमन राज ने संभाली।

इस अवसर पर मैच में उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्य ओम प्रकाश जायसवाल, राजेंद्र प्रसाद यादव (सचिव), आनंद मोहन अशोक मिश्रा, रविशंकर दास, अनामी शंकर, अश्वनी कुमार, उज्ज्वल, सरवन एवं ग्राउंड्समैन राजेश।






# सारण और कटिहार ने जीता खिताब

◆ राज्यस्तरीय मशाल अंडर-16 और अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न




**मोतिहारी, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** स्थानीय गांधी मैदान में बुधवार को संपन्न तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मशाल फुटबॉल प्रतियोगिता में सारण और कटिहार की टीम चैंपियन बनीं।

अंडर-14 फाइनल में कटिहार ने दमदार प्रदर्शन करते हुए जमुई को 4-0 से हराया और खिताब अपने नाम किया। वहीं अंडर-16 वर्ग के रोमांचक मुकाबले में सारण ने पश्चिम चंपारण को 2-1 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

समापन समारोह में विजेता व उपविजेता टीमों को प्रमाणपत्र और ट्रॉफी अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण मुकेश कुमार सिन्हा, जिला खेल पदाधिकारी सह आयोजन सचिव, जिला नियोजन पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांगजन तथा जिला योजना पदाधिकारी द्वारा प्रदान किए गए।

**तकनीकी पदाधिकारियों का योगदान :** प्रतियोगिता को सफल बनाने में कई तकनीकी पदाधिकारियों एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनमें प्रमुख रूप से प्रभाकर जायसवाल (जिला फुटबॉल संघ सचिव), अरविंद कुमार, राजीव कुमार, सुनील कुमार, मनोज कुमार प्रसाद, भानु प्रकाश, रवि रंजन कुमार, अनिमेश कुमार, संजीव कुमार रजक, विजय शंकर राय, रवि कुमार, सर्वोत्तम रंजन, राजन कुमार, विपुल कुमार, गुड़िया कुमारी, सुरभि कुमारी, रश्मि रंजन सहित खेल भवन के मोहम्मद मुबाशिर एवं रमेश कुमार शामिल रहे।

# एसपीसीए एसडीवी विजयी



◆ सरदार पटेल सेसक्विसेंटेनियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**पटना, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष पर चल रहे एकता पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित सरदार पटेल सेसक्विसेंटेनियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ आज भव्य समारोह के साथ किया गया। उद्घाटन बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं फुलवारी विधानसभा के विधायक श्याम रजक तथा बिहार विधान परिषद के सदस्य एवं जदयू मुख्यालय प्रभारी रविन्द्र प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और शांति केसंदेशवाहक कबूतर उड़ाकर किया।

उद्घाटन के बाद दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल भावना एवं अनुशासन का संदेश देते हुए प्रेरित किया।

इस अवसर पर दोनों गणमान्य व्यक्तियों ने सरदार पटेल की देश–एकीकरण में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका को याद करते हुए कहा कि टीम गेम्स का आयोजन उनके आदर्शों को व्यवहार में उतारने का सर्वोत्तम माध्यम है। साथ ही उन्होंने राज्य में खेलों केलिए विकसित की जा रही आधारभूत संरचनाओं और सरकारी योजनाओं की भी जानकारी खिलाड़ियों को दी तथा भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

समारोह में लाल बहादुर राजकीय उच्च विद्यालय केप्रधानाचार्य संतोष कुमार, जदयू नेता अंजनी कुमार सिंह, ओम सिंह, प्रिय रंजन पटेल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति केअध्यक्ष कृष्णा पटेल एवं अभिषेक पटेल ने किया।

**अंडर-12 उद्घाटन मैच: एसपीसीए एसडीवी की 103 रनों से धमाकेदार जीत :** उद्घाटन मुकाबला अंडर–12 आयु वर्ग में एसपीसीए एसडीवी बनाम एसपीसीए हार्डिंग पार्क केबीच खेला गया। इसमें एसपीसीए एसडीवी ने 103 रनों केबड़े अंतर से जीत दर्ज की और टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए एसपीसीए एसडीवी ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट पर 162 रन बनाए। टीम की ओर से अमन राज (49 रन), शिवा (30), दिवाकर (24) और हिमांशु (24) ने उल्लेखनीय योगदान दिया। हार्डिंग पार्क की ओर से अंशु और शिवम ने दो–दो विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करते हुए एसपीसीए हार्डिंग पार्क की टीम एसपीसीए एसडीवी केतेजतर्रार गेंदबाजों केसामने टिक नहीं सकी और सिर्फ 59 रन पर ढेर हो गई। एसडीवी की ओर से अर्णव और आदित्य कुमार सिंह ने केवल 5 रन खर्च कर तीन–तीन विकेट हासिल किए। बाकी गेंदबाजों ने भी कसी हुई गेंदबाजी कर विपक्ष को दबाव में रखा।

शानदार प्रदर्शन केलिए अमन राज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**आगामी मुकाबले :** 12 दिसंबर, शुक्रवार-प्रातः 9:30 बजे। एसपीसीए जूनियर रेड बनाम लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी इलेवन। 13 दिसंबर, शनिवार-प्रातः 9:30 बजे : एसपीसीए जूनियर ब्लू बनाम करुणा क्रिकेट एकेडमी इलेवन



# बिहार सीनियर ताइक्वांडो टीम हैदराबाद रवाना

◆ 41वीं राष्ट्रीय सीनियर क्योरूगी एवं 14वीं पूमसे ताइक्वांडो चैम्पियनशिप

**पटना, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** आगामी 12 से 14 दिसंबर तक हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली 41वीं राष्ट्रीय सीनियर क्योरूगी एवं 14वीं पूमसे ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में भाग लेने केलिए बिहार टीम रवाना हो गई है। यह जानकारी बिहार ताइक्वांडो संघ केमहासचिव राजेश कुमार साहू ने दी।

टीम को बिहार ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष शशिवाला बदानी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, अरुण कुमार, संयुक्त सचिव समता राही, नंदू कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष चंद्र राय, कार्यकारिणी सदस्य कमल कुमार पटेल, धर्मेंद्र कुमार समेत बिहार ताइक्वांडो संघ केपदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

**सीनियर पुरुष क्योरूगी टीम :** अनुराग कुमार (अंडर 54 किग्रा), प्रिंस कुमार (54 से 58 किग्रा), निखिल कुमार (58 से 63 किग्रा), बिपुल कुमार (63 से 68 किग्रा), शिवम कुमार (68 से 74 किग्रा), अभिजीत आनंद (74 से 80 किग्रा), सान्निध्य भारद्वाज (80 से 87 किग्रा), चैतन्य केशव (ओवर 87 किग्रा)

**सीनियर महिला क्योरूगी टीम :** आयुश्री राजेश (अंडर 46 किग्रा), अनन्या कुमारी (46 से 49 किग्रा), पूनम कुमारी (49 से 53 किग्रा), श्रृष्टि राज (53 से 57 किग्रा), स्नेहा एस. कुमार (57 से 62 किग्रा), इशा सिन्हा (62 से 67 किग्रा), श्रेय रानी (67 से 73 किग्रा), ऊर्जा (ओवर 73 किग्रा)

**पुमसे :** सीनियर अंडर 30 वर्ष पुरुष व्यक्तिगत : अमन राज मिश्रा। सीनियर अंडर 30 वर्ष महिला व्यक्तिगत : ट्विंकल भारती। सीनियर अंडर 30 वर्ष पेयर : ज्योति कुमारी, कुमार तन्मय। सीनियर अंडर 30 वर्ष पुरुष ग्रुप : हर्ष राज, आदित्य नारायण सिंह, शिवतांशु राज। सीनियर अंडर 30 वर्ष महिला ग्रुप : ज्योति कुमारी, खुशबू कुमारी, रूमा कुमारी। सीनियर अंडर 40 वर्ष पुरुष व्यक्तिगत : मुन्ना कुमार। सीनियर अंडर 50 वर्ष पुरुष व्यक्तिगत : धर्मयुग कुमार। सीनियर ओवर 30 वर्ष व्यक्तिगत : रेखा कुमारी। सीनियर ओवर 30 वर्ष पेयर : रेखा कुमारी, राजू कुमार। सीनियर ओवर 30 वर्ष ग्रुप : धर्मयुग कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राजू कुमार। प्रशिक्षक : हिमांशु कुमार, विवेक प्रकाश, मैनेजर : सोनाली कुमारी

# केबी ब्लास्टर की सात विकेट से जीत

◆ पूर्णिया जिला जूनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में एसआर डीएवी की टीम हारी

◆ विजेता टीम के अक्षय श्रीवास्तव मैन ऑफ द मैच

**पूर्णिया, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** पूर्णिया के केएनसीए क्रिकेट अकादमी में खेले गए पूर्णिया जिला क्रिकेट एसोसिएशन जूनियर डिविजन क्रिकेट लीग के रोमांचक मुकाबले में के.बी ब्लास्टर ने एसआर डीएवी को 3 विकेट से हराकर लीग में महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।

मुकाबला शुरू होने से पहले टॉस जीतकर एसआर डीएवी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उन्होंने 23.4 ओवर में अपनी पूरी टीम 151 रन पर ऑल आउट कर दी। एसआर डीएवी की ओर से अक्षय श्रीवास्तव ने 43 गेंदों में 52 रन की शानदार पारी खेली, जबकि प्रमोद ढड डल्ल ड72 ने तेज़ी से 47 रन बनाकर टीम को संभाला। के.बी ब्लास्टर के गेंदबाज पुष्पक ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लेकर एसआर डीएवी की पारी को दबाव में रखा।

लक्ष्य का पीछा करते हुए के.बी ब्लास्टर ने 22.4 ओवर में 154/7 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की ओर से प्रमोद ने 47 रन बनाए और प्रिंस ने मात्र 16 गेंदों में नाबाद 31 रन की पारी खेलकर टीम की जीत सुनिश्चित की। गेंदबाजी में स्वजयं प्रियदर्शी ने 2 विकेट लेकर टीम को अहम योगदान दिया। अक्षय श्रीवास्तव को प्लेयर ऑफ मैच का पुरस्कार दिया गया।

मैच के दौरान बेहतरीन फील्डिंग, सटीक गेंदबाजी और तेज़ रन बनाने की लड़ाई ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। के.बी ब्लास्टर के कप्तान अमरनाथ ने टीम की संयमित और खेल भावना की जमकर तारीफ की। वहीं, एसआर डीएवी ने आगामी मैचों में जीत हासिल करने का वादा किया।

# तिरहुत प्रमंडल बना ओवरऑल चैंपियन

◆ राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता का भागलपुर में हुआ शानदार समापन

**भागलपुर, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन भागलपुर के संयुक्त तत्वावधान में बैडमिंटन इंडोर हॉल भागलपुर में आयोजित राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय बालक बैडमिंटन अंडर-14, 17 एवं 19 खेल प्रतियोगिता 2025 का समापन 10 दिसंबर को फाइनल मुकाबलों केसाथ हुआ।

चार दिनों तक चली इस विशेष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिसमें तिरहुत प्रमंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप जीती, जबकि पटना प्रमंडल द्वितीय तथा भागलपुर प्रमंडल तृतीय स्थान पर रहा।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर आयुक्त, नगर निगम भागलपुर एवं प्रबंध निदेशक स्मार्ट सिटी कुमार शुभम उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि अपर समाहर्ता (विधि–व्यवस्था) श्री राकेश रंजन तथा बिहार बैडमिंटन संघ के सचिव केएन जायसवाल थे। मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं भागलपुर की पहचान सिल्क चादर प्रदान कर सम्मानित किया गया। सिल्क चादर प्राप्त कर खिलाड़ियों ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व जिला खेल पदाधिकारी जय नारायण कुमार ने आगत अतिथियों को पौधा एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मंच संचालन जिला एथलेटिक संघ, भागलपुर के सचिव मोहम्मद नसर आलम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक संजीव कुमार, चंद्र भूषण कुमार, वरुण कुमार, कामना कुमारी, राकेश कुमार, राकेश कुमार मंडल, विक्की कुमार, जिला खेल कार्यालय केलिपिक सतीश चंद्र, मृणाल किशोर, कार्यपालक सहायक आमिर खान, सुनील कुमार शर्मा, सुनील शर्मा तथा जिला खो–खो संघ के मानस कुमार यादव, जिला कबड्डी संघ के रविकांत रंजन समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे। पूरे आयोजन केदौरान फिजियोथेरेपिस्ट सुनील कुमार एवं उनकी टीम ने खिलाड़ियों की चोट व मांसपेशियों में खिंचाव का लगातार उपचार करते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना द्वारा प्रतिनियुक्त तकनीकी पदाधिकारियों ने उत्कृष्ट अंपायरिंग करते हुए प्रतियोगिता को सफल और निष्पक्ष बनाने में अहम भूमिका निभाई। तकनीकी पदाधिकारियों–मिथिलेश कुमार, राम कुमार सिंह, सूर्यकांत प्रताप, शेखर सुमन, अभिराज कुमार, संगम कुमार, आदित्य आर्या, रूपेश राज, राकेश कुमार, संज्ञान परमार एवं सुजीत कुमार को भी सम्मानित किया गया।



## प्रतियोगिता के परिणाम

**अंडर-14 बालक सिंगल्स:** तिरहुत के प्रांजलवीर ने भागलपुर के ऋषभ सिंह को 21–16, 21–16 से हराया।

**अंडर-14 बालक डब्ल्स :** तिरहुत के प्रांजलवीर-फैजल इक़बाल ने भागलपुर के ऋषभ सिंह–रोनित सिंह को 21-12, 21-19 से पराजित किया।

**अंडर-17 बालक सिंगल्स :** मुंगेर के असदुल्ला ने मुंगेर के ही पराग सिंह को 21-18, 21-16 से मात दी।

**अंडर–17 बालक डब्ल्स :** तिरहुत के काव्य कश्यप व रहमते आलम की जोड़ीने पटना के निहार कुमार व अंकित कुमार की जोड़ी को 21-13, 21-17 से हराया।

अंडर-19 बालक सिंगल्स : तिरहुत के गगनगुंज ने पटना के प्रत्युष कुमार को 21-12, 15-21, 21-18 से पराजित किया।

**अंडर-19 बालक डब्ल्स :** पटना के प्रत्यूष कुमार और प्रिंस ने तिरहुत के आयुष राज और गगनगुंज को 21-12, 21-15 से हराया।




भागलपुर में संपन्न राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडल बैडमिंटन प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ी अतिथियों के साथ।




# अदित्य व तनिष्का का खिताब पर कब्जा

◆ पांचवीं यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप

**रांची, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम में जारी पांचवीं यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप के पांचवें दिन पश्चिम बंगाल केअदित्य दास और कर्नाटक की तनिष्का कल्पैरव ने अंडर-15 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः लड़कों और लड़कियों का खिताब जीत लिया। दोनों ने ही अपने-अपने फ़ाइनल मुकाबले सीधे गेमों में 3-0 से जीतकर दबदबा कायम रखा।

लड़कों केवर्ग केफ़ाइनल में अदित्य का सामना तमिलनाडु केके अक्षय भूषण से हुआ। शुरुआती दो गेमों में कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन निर्णायक पलों में अदित्य ने बेहतर संयम दिखाया और दोनों गेम ड्यूस में जीतकर बढ़त बना ली। तीसरे गेम में उन्होंने पूरी पकड़ बनाए रखी और 12–10, 13–11, 11–8 से मुकाबला जीत लिया। अक्षय को एक बार फिर उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

लड़कियों केवर्ग में कर्नाटक की तनिष्का पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रहीं। फ़ाइनल में उन्होंने पश्चिम बंगाल की अहोना रे को 11–6, 11–7, 11–8 से हराकर खिताब अपने नाम किया। कई मौकों पर खिताब से चूकने वाली तनिष्का केलिए यह जीत बेहद खास रही, जिसमें उन्होंने पूरे मुकाबले में आक्रमकता और नियंत्रण दोनों का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल में लड़कों तथा लड़कियों दोनों वर्गों में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों केबीच दमदार भिड़ंत देखने को मिली। सेमीफाइनल में अदित्य ने टीटीएफआई–1 के आरव आचार्य को 3–0 से हराया, जबकि अक्षय ने महाराष्ट्र केप्रतीक तुलसानी को सीधे गेमों में 13–11, 11–9, 11–6 से मात दी।

क्वार्टरफ़ाइनल में अदित्य को पश्चिम बंगाल के हिमोन मंडल केखिलाफ पांच गेमों की कड़ी जंग लड़नी पड़ी। वहीं आरव ने पश्चिम बंगाल केसोमदेव सेनगुप्ता, प्रतीक ने तमिलनाडु केआकाश राजावेलु, और अक्षय ने गुजरात केविवान दवे को हराकर सेमीफ़ाइनल का रास्ता बनाया।

लड़कियों केवर्ग में भी मुकाबले उतने ही रोमांचक रहे। तनिष्का ने पश्चिम बंगाल की स्त्रीजनी चक्रवर्ती को सेमीफाइनल में 3–0 से हराया। दूसरी ओर अहोना ने पश्चिम बंगाल की श्रेया धर को पांच गेमों की कड़ी टक्कर में 11–4, 5–11, 9–11, 11–9, 11–7 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई।

क्वार्टरफ़ाइनल में तनिष्का ने तेलंगाना की श्री सान्वी, स्त्रीजनी ने असम की दिविजा पॉल, अहोना ने महाराष्ट्र की मायरा संजेलकर, और श्रेया ने पश्चिम बंगाल की अनकोलिका चक्रवर्ती को सीधे गेमों में हराकर अंतिम–4 में स्थान सुरक्षित किया।

# दूसरी पारी में झारखंड के अनमोल राज का शतक

◆ कूच बिहार ट्रॉफी : झारखंड ने दिया 187 का लक्ष्य, जवाब में केरल 11/1 पर संघर्षरत

हजारीबाग, 10 दिसंबर (खेलढाबा)। स्थानीय संजय सिंह स्टेडियम में खेल जा रहे कूच बिहार ट्रॉफी में मेजबान झारखंड ने केरल को 187 रन का लक्ष्य दिया है। तीसरे दिन की खेल समाप्ति के समय तक केरल ने केरल ने 7 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 11 रन बनाए।

इस मैच में झारखंड ने अपनी पहली पारी में 206 रन जबकि दूसरी पारी में 313 रन बनाये। केरल ने अपनी पहली पारी में 333 रन बनाये थे।

झारखंड की दूसरी पारी में टीम ने ठोस प्रदर्शन करते हुए 104 ओवर में 313 रन बनाए। टीम की ओर से अनमोल राज ने 157 गेंदों में 133 रन बनाए, जबकि यश राठौर ने 255 गेंदों में 77 रनों का योगदान दिया। दोनों के बीच 174 रनों की साझेदारी ने टीम को मजबूत बढ़त दिलाई। अन्य बल्लेबाजों में विशाल पांडे ने 24 और प्रिंस मिश्रा ने नाबाद 8 रन जोड़े।

केरल की ओर से गेंदबाजी में अमय मनोज ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 24 ओवर में 57 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। थॉमस मैथ्यू ने 3 विकेट और जॉबिन पी. जॉबी ने 1 विकेट लिया। झारखंड की पारी 313 रन पर समाप्त हुई और केरल को 187 रन का लक्ष्य मिला।

लक्ष्य का पीछा करते हुए केरल ने सतर्क शुरुआत की, लेकिन पहले ही ओवर में संगीत सागर वी शून्य पर पगबाधा आउट होकर पवेलियन लौट गए। जॉबिन पी. जॉबी 24 गेंद में 11 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि देवगिरि 17 गेंद पर बिना खाता खोले खेल रहे हैं। टीम ने अब तक कोई अतिरिक्त रन नहीं पाया है और 7 ओवर में कुल स्कोर 11/1 रहा।

झारखंड की ओर से ईशान ओम ने 3 ओवर में 1 रन देकर 1 विकेट लिया और दो मेडन ओवर डाले। दीपांशु रावत ने 4 ओवर में 10 रन खर्च किए। केरल को जीत के लिए अब 176 रनों की जरूरत है, जबकि उसके9 विकेट शेष हैं। मुकाबला चौथे दिन निर्णायक मोड़ पर होगा और दोनों टीमों केलिए अगला सत्र बेहद अहम रहेगा।

# एमसीए रेड व एमसीए बाउंसर देवघर जूनियर डिवीजन क्रिकेट में चैंपियन

**देवघर, 10 दिसंबर।** चटर्जी ग्राउंड पर बुधवार को बी डिवीजन के दो महत्वपूर्ण फाइनल मुकाबले खेले गए, जिनमें अंडर-14 वर्ग में एमसीए रेड और ओपन बी डिवीजन में एमसीएबाउंसर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीत लिया। दोनों मैचों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों को रोमांचक दिन देखने को मिला।

बी डिवीजन अंडर-14 के फाइनल में एमसीए रेड की टीम ने वीएसए येलो को 65 रन से हराया। एमसीए रेड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 17 ओवर में 7 विकेट पर 147 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से आयुष भगत ने 30, अयान ने 23 और नाजिम आलम ने 22 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। वीसीए येलो की ओर से गेंदबाजी में कृष्ण ने 3, जय राम ने 2 और यश यादव ने 1 विकेट लिया।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीएसए येलो की टीम निर्धारित ओवरों में 83 रन पर ही रुक गई। टीम के लिए कृष्णा शाह ने 26, दिव्यांशु ने 20 और यश यादव ने 13 रन बनाए। एमसीए रेड की ओर से सोहेब ने 1 विकेट लिया। टीम की सधी हुई गेंदबाजी के कारण वीएसए येलो बड़े स्कोर के दबाव से उबर नहीं सकी और मुकाबला एमसीए रेड के पक्ष में चला गया।

दूसरे फाइनल मुकाबले में एमसीए बाउंसर और अंगद सीसी के बीच ओपन बी डिवीजन का फाइनल खेला गया। इसमें टउअ बाउंसर ने अंगद सीसी को 24 रन से हराकर खिताब जीता। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एमसीए बाउंसर की टीम 113 रन पर आल आउट हो गई। टीम की ओर से केवल कुमार शोभित ने आक्रमक बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंदों पर 59 रन बनाकर स्कोर को सम्मानजनक स्थिति तक पहुंचाया। अंगद सीसी की ओर से गेंदबाजी में अंजनी ने 4, नीरज ने 3 और अमन श्राफ ने 2 विकेट लिए।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंगद सीसी की टीम टउअ बाउंसर के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 89 रन पर सिमट गई। एमसीए बाउंसर के कुमार शोभित ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 5 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि इमरान ने अपने 4 ओवर में 8 रन देकर 2 विकेट चटकाए। अंगद सीसी की ओर से विवेक ने 15, अभिनव ने 17 और अंजनी ने 14 रन बनाए।

आज के दोनों मैचों में अभिषेक आनंद और नुनु सिंह ने अंपायरिंग की जिम्मेदारी निभाई, जबकि तरुण कुमार राय ने स्कोरर की भूमिका निभाई। लीग संयोजक टीम (आलोक राज, इफ्तिखार शेख, राजेश कुमार) ने डीडीसीए समिति की ओर से दोनों प्रारूप के चैंपियन टीमों को बधाई दी।








# 50वीं सब जूनियर व जूनियर राष्ट्रीय योग 27 दिसंबर से

**रांची, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** झारखंड योग एसोसिएशन एवं श्री अरविंदो सोसायटी हेसल ब्रांच, रांची के संयुक्त तत्वावधान में तथा योग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में गोल्डन जुबली 50 वीं सब जूनियर व जूनियर राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता का आयोजन रांची में किया जा रहा है। यह भव्य प्रतियोगिता 27 से 30 दिसंबर तक रातू रोड स्थित रतनलाल जैन स्मृति भवन परिसर में आयोजित होगी। प्रेस वार्ता में आयोजन समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद ने बताया कि प्रतियोगिता में 8 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक–बालिकाएँ हिस्सा लेंगे। अभी तक 27 राज्यों के 950 प्रतिभागियों और तकनीकी अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति की पुष्टि कर दी है।

उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, सिक्किम और त्रिपुरा की टीमें रांची पहुँच जाएंगी। झारखंड योग संघ के महासचिव आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 6 आयु वर्ग में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता में पारंपरिक योग आसनों के साथ–साथ आर्टिस्टिक, रिदमिक और फ्री फ्लो योग की भी स्पधाएँ आयोजित की जाएँगी। संघ के सीईओ संजय कुमार झा ने कहा कि प्रतियोगिता की तैयारियों अंतिम चरण में हैं। प्रतिभागियों के आवासीय की व्यवस्था रानी सती मंदिर परिसर धर्मशाला और रतनलाल जैन समिति भवन में की गई है। 27 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ मार्च–पास्ट से होगा। उ?द्घाटन कार्यक्रम में 50 किलो का केक काटा जाएगा, साथ ही योग प्रदर्शन अ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।प्रेस वार्ता के दौरान रमेश भाई, एस. एन. भट्ट, डा. कौशिक दत्ता, रजनी बक्शी, अमरेन्द्र कुमार विकल, कुमारी सृजन, डॉ. रूपम कुमारी, निक्की रानी, रीमा वर्मा, सुशीत बनर्जी, सीमा राय, सहित आयोजन समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।



# भारत-नेपाल दिव्यांगजन टी20 क्रिकेट सीरीज 13 दिसंबर से रांची में

**रांची, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** रांची को एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच केआयोजन का अवसर प्राप्त हुआ है। आगामी 13 से 15 दिसम्बर को अमिताभ चौधरी क्रिकेट स्टेडियम अनगड़ा राँची में भारत एवं नेपाल केबीच दिव्यांगजनों का 03 अंतर्राष्ट्रीय टी–20 क्रिकेट मैच सीरिज– चैंपियन स्पिरिट कप दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ़ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त झारखण्ड डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन एवं राउंड टेबल इंडिया (आरटी–244,160,284) द्वारा आयोजित किया जाएगा।

राउंडटेबल इंडिया केरांची चैप्टर 244 केअध्यक्ष आकाश खोसला ने कहा की हमे इस तरह की प्रतियोगिताओं को और प्रोत्साहन देना चाहिए । राउंडटेबल इंडिया मुख्य रूप से ज़रूरतमंद बच्चों केलिए शिक्षा केक्षेत्र में काम करती है जिसके अंतर्गत देशभर में संस्था ने दस हज़ार से अधिक क्लासरूम का निर्माण कराया है। हमारा प्रयास दिव्यांगजनों का समावेश भी है।


यह सीरीज मुख्य रुप से 'राउन्ड टेबल इंडिया', झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, सी.सी.एल. एवं झारखण्ड सरकार द्वारा प्रायोजित की जायेगी। एनटीपीसी, एच.पी, सीएमपीड़ीआई, मेघा दूध, झारखण्ड विकलांग जन फोरम, लीड्स, सेवा सदन कोडरमा, झारक्राफ्ट, पी.एन.बी बैंक, आशा सहित अन्य स्थानीय स्थानीय संस्थाओं का भी सहयोग मिल रहा है। सूब्रो जोरदर केनेतृत्व में भारतीय टीम में महनतेस चालूवाड़ी (उप कप्तान), नफीस सिद्दकी, कैलाश प्रसाद, जमीर पठान, अनवर मुक्तार अंसारी, साजीद करीम तंबोली, धर्मेंद्र कुमार, सैयद शाह अज़ीज़, अक़ीब मलिक, राहुल शर्मा, सूरज मनकले, मो.शौकत अली, जितेंद्र कुमार यादव, महेश कुमार अगली, श्याम चकवा और राँची केविजय कुमार महतो और चन्दन लोहरा शामिल हैं।

डीसीसीबीआई केअध्यक्ष मुकेश कंचन ने बताया कि नेपाल की टीम 12 दिसम्बर को आएगी। नेपाल की टीम भी जुझारु है एवं भारत उन्हें हल्केमें नहीं लेगा। झारखण्ड डिसेबल क्रिक्रेट एसोसिएशन केअध्यक्ष राहुल मेहता ने प्रायोजकों को धन्यवाद देते हुए उम्मीद जताया कि मीडिया इसे सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि दिव्यांगजनों केसमावेश केप्रयास केरूप में उचित स्थान प्रदान करेगा। उचित उषा मार्टिन विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित मैच में प्रवेश निशुल्क है।

संरक्षक रमेश सिंह ने बताया कि सरकार और उद्योग जगत को ऐसे आयोजन में और ज्यादा सहयोग करना चाहिए। प्रमुख समन्वयक प्रणव कुमार बब्बू ने बताया कि सभी मैच 11.00 बजे प्रारंभ होगा। आर्थिक मदद केअभाव केकारण इस सीरिज में कोई नगद ईनाम नहीं रखा गया है।

आयोजन में सरिता सिन्हा, जगदीश सिंह जग्गू, अंतु तिर्की, प्रियंका घोष, मुकेश कुमार आदि का विषेष योगदान है।

# आरडीसीए स्कूली क्रिकेट में संत थॉमस जीता


अभिषेक तमांग 293 रन

**रांची, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** आरडीसीए इंटर स्कूल अंडर-16 क्रिकेट में गुरुवार को खेले गए दोनों मुकाबलों में सेंट थॉमस स्कूल और सफायर स्कूल ने शानदार जीत दर्ज की।

गोलचक्कर ग्राउंड पर सेंट थॉमस स्कूल और जीडी गोयनका के बीच मुकाबला खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट थॉमस स्कूल ने 35 ओवर में 499/4 का विशाल स्कोर बनाया। टीम के अभिषेक तमांग ने नाबाद 293 रन की रिकॉर्ड पारी खेलकर मैच का रुख एक तरफा कर दिया। तन्मय ने 60 और आदित्य बंधु ने 48 रन जोड़े। जीडी गोयनका की ओर से राघव राय ने एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए जीडी गोयनका की टीम 17.3 ओवर में 95 रन पर सिमट गई। यशस गुप्ता ने 19 रन बनाए। सेंट थॉमस की ओर से स्वास्तिक ने 4/13, आदित्य बंधु ने 3/22 और अभिषेक तमांग ने 2/18 लेकर टीम को 404 रन से जीत दिलाई।

दूसरा मैच एयरपोर्ट ग्राउंड पर सफायर स्कूल और एसबीएम स्कूल के बीच खेला गया। एसबीएम स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 102 रन बनाए। टीम की ओर से देव चंद्रा ने 18 और निखिल ने 17 रन जोड़े। सफायर स्कूल के पृथ्वी राज ने उत्कृष्ट गेंदबाजी करते हुए 5/25 और श्रेयश ने 3/15 लेकर विपक्ष को रोक दिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सफायर स्कूल ने 12.5 ओवर में 103/1 रन बनाकर 9 विकेट से जीत दर्ज की। नैतिक ने नाबाद 50 और अमृत ने नाबाद 26 रन बनाकर टीम को आसान जीत दिलाई। अपूर्वा ने एक विकेट लिया।

## बी डिवीजन क्रिकेट में आरएसए विजेता

लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीज़न क्रिक्रेट 2025–2026 के तहत बुधवार को खेले गए दोनों मुकाबलों में आरएसए और सोनेट बुंडू ने एकतरफा जीत दर्ज की।

पहले मैच में आरएसए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 246/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाज देवांश, हर्ष और आसिफ के उपयोगी योगदान से टीम मजबूत स्थिति में पहुंची। हेहल सीए की ओर से जनार्दन और अक्षत ने विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए हेहल सीए 28.4 ओवर में 118 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम की ओर से ऋषव ने सर्वाधिक रन जोड़े, जबकि आरएसए के गेंदबाज रागिब और फिरदोश ने महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। मुकाबला आरएसए ने 128 रन से अपने नाम किया।

दूसरा मैच ईईएफ टाटीसिलवे ग्राउंड में बराइक सीसी और सोनेट बुंडू के बीच खेला गया। बराइक सीसी ने 35 ओवर में 161/9 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में सोनेट बुंडू ने कोई विकेट गंवाए बिना 17.1 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। अभिजीत और विक्रम की नाबाद साझेदारी ने टीम को 10 विकेट से जीत दिलाई।

# सरला देवी बिड़ला क्रिकेट में रातू सीए विजयी

**रांची, 10 दिसंबर (खेलढाबा)।** सरला देवी बिरला व–14 क्रिक्रेट 2025–2026 के तहत बुधवार को दो अलग–अलग मैदानों पर मुकाबले खेले गए, जिनमें हेहल किड्स और रातू क्रिक्रेट अकादमी (सीए) विजेता रहे।

रातू ग्राउंड में निर्धारित मैच में हेहल किड्स और ड्रीम बिग सीए आमने–सामने होने वाले थे, लेकिन ड्रीम बिग सीए के मैदान पर उपस्थित नहीं होने के कारण हेहल किड्स को वॉकओवर से विजेता घोषित किया गया।

वहीं नेहरू ग्राउंड पर खेले गए दूसरे मैच में आरसीए ऑरेंज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 101/8 रन बनाए। टीम की ओर से सूर्यांश ने 17 और विराट ने 16 रन जोड़े। गेंदबाजी में यश ने 2/13 तथा आयुष ने 2/31 लेकर विपक्ष को बांधे रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रातू सीए ने तेज खेल दिखाते हुए 11.5 ओवर में 103/7 रन बनाकर मैच 3 विकेट से जीत लिया। टीम के बल्लेबाज ऋषि ने 31 रनों की उपयोगी पारी खेली। आरसीए ऑरेंज के लिए गेंदबाजी में सूर्यांश ने 3/27 और आदि ने 3/28 लेकर मुकाबले को रोमांचक बनाया, लेकिन टीम जीत हासिल नहीं कर सकी।

# डीसीए-1 देवघर जिला सुपर डिवीजन क्रिकेट लीग के फाइनल में

देवघर जिला सुपर डिवीजन के दूसरे सेमीफाइनल में उडअ–1 ने मां मनसा स्ट्राइकर को 13 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। टॉस जीतकर मां मनसा स्ट्राइकर ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीए–1 ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 163 रन बनाए। उत्कर्ष कुमार ने नाबाद 57 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में मां मनसा स्ट्राइकर की टीम निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 150 रन ही बना सकी। राज सिंह ने 41 रन, पीयूष राज ने 39 रन, रिकी शर्मा ने 26 और दीपक ने 22 रन बनाए। उडअ–1 की ओर से मुकेश कुमार ने 24 रन देकर 4 विकेट लिए।

## संक्षिप्त

### राष्ट्रीय मुक्केबाजी अब चार जनवरी से होगी

**नईदिल्ली।** सरकार द्वारा लागू 'प्रदूषण नियंत्रण उपायों' के कारण एलीट पुरुष और महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के कार्यक्रम में बुधवार को बदलाव किया गया। यह चैंपियनशिप अब ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में चार से 10 जनवरी तक होगी जबकि पहले यह 31 दिसंबर से छह जनवरी तक होनी थी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने कहा, ''सरकार द्वारा अनिवार्य प्रदूषण नियंत्रण उपायों के 31 दिसंबर 2025 तक प्रभावी होने के मद्देनजर चैंपियनशिप अब उसी स्थान पर चार से 10 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी।

### एआईएफएफ का एजीएम 20 दिसंबर को

**नईदिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को कहा कि वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लबों द्वारा शीर्ष स्तर की लीग के स्वामित्व या संचालन के लिए एक समूह (कंसोर्टियम) बनाने के प्रस्ताव पर 20 दिसंबर को होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में चर्चा करेगा। एफसी गोवा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि पसकूर और सभी आईएसएल क्लबों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को भेजे गए एक पत्र में एआईएफएफ ने कहा कि क्लबों द्वारा वाणिज्यिक गतिरोध का हल करने के लिए सुझाए गए इस प्रस्ताव पर विचार विमर्श के बाद कार्यकारी समिति के अनुमोदन की जरूरत है।

### श्रीलंका के थंगराजा को विश्व समुद्र ओपन में बढ़त

नईदिल्ली। श्रीलंका के एन थंगराजा दूसरे दौर में छह अंडर 66 के स्कोर के साथ बुधवार को यहां विश्व समुद्र ओपन 2025 गोल्फ टूर्नामेंट में शीर्ष पर पहुंच गए। इस साल तीन खिताब जीतने वाले थंगराजा का कुल स्कोर पांच अंडर 139 है और उन्होंने 17 स्थान की लंबी छलांग लगाई। उन्होंने पहले दौर के बाद शीर्ष पर चल रहे जयराज सिंह संधू (73) पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है। जयराज का कुल स्कोर तीन अंडर 141 है।
आईओए और इटली की ओलंपिक समिति ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए

### आईओए और इटली की ओलंपिक समिति ने करार

**नईदिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और इटली की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने बुधवार को खेलों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसमें दोनों देशों के बीच खेलों के सहयोग में ट्रेनिंग, बुनियादी ढांचा साझा करने और खेल विज्ञान पर विशेष जोर दिया गया है। यह समझौता ''खेलों के संयुक्त प्रोत्साहन, विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और दोनों देशों के उच्च स्तरीय बुनियादी ढांचे और उत्कृष्टता केंद्रों तक खिलाड़ियों, कोचों और खेल विज्ञान के पेशेवरों की पारस्परिक पहुंच के लिए एक संरचित ढांचा प्रदान करता है।

गोलघर मीडिया वेंचर्स के लिए कविता कुमारी द्वारा पी-5, आईटीसी कॉलोनी, विद्यापुरी, कंकड़बाग, पटना, बिहार से प्रकाशित, संपादक-डी.वी पटवर्धन (अधिवक्ता) * फोन : 7870100025, web-www.kheldhaba.com, Email-kheldhaba@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी. आर. बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा पटना अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)

# दूसरे टी20 में शुभमन गिल पर होंगी सबकी निगाहें



## भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका दूसरा मुकाबला आज

**मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़), 10 दिसंबर।** गुरुवार यानी 11 दिसंबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल पर खास नजरें रहेंगी। पहले मैच में बहुत ही सस्ते में गिल आउट हो गए थे। सबसे छोटे प्रारूप में अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए गिल अपने घरेलू मैदान पर लय वापस पाने को प्रतिबद्ध हैं।

भारत और दक्षिण अफ्रीका केबीच पांच मैचों की इस श्रृंखला केपहले दो मुकाबलों केबीच सिर्फ एक दिन का अंतर है। ऐसे में गिल को बिना ज्यादा तैयारी समय केसीधे मैदान पर उतरकर दमदार प्रदर्शन करना होगा। टीम ने पहला मैच 101 रन से जीता, लेकिन एशिया कप केदौरान टी20 टीम में वापसी करने वाले गिल अभी भी उम्मीदों पर पूरी तरह खरे नहीं उतरे हैं।

**दबाव में हैं गिल, टी20 में नहीं चला बल्ला :** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान शानदार खेल दिखाने वाले गिल टी20 में उसी सफलता को दोहरा नहीं सकेहैं। टीम प्रबंधन ने उन पर सलामी बल्लेबाज केरूप में भरोसा जताया है, जिसकेचलते संजू सैमसन की प्लेइंग इलेवन में जगह अनिश्चित बनी हुई है।

टी20 टीम में अब बल्लेबाजी गहराई आठवें नंबर तक है और 'निडर खेल' की रणनीति मजबूत हो चुकी है। ऐसे में 'एंकर' बल्लेबाज की भूमिका सीमित होती जा रही है, जिससे गिल को अपना सर्वोत्तम तरीका तलाशना होगा। वह पावरप्ले में अभिषेक शर्मा जैसी आक्रमक बल्लेबाजी नहीं कर सकते, इसलिए उन्हें अपनी भूमिका स्पष्ट करनी होगी।

**सूर्यकुमार यादव का फॉर्म भी चिंता का विषय :** कप्तान सूर्यकुमार यादव भी लंबे समय से टी20 में बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं। अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उनकी लय में वापसी टीम इंडिया केलिए बेहद जरूरी है।

**हार्दिक पंड्या की दमदार वापसी :** कटक में खेले गए पहले मैच में फिट होकर लौटे हार्दिक पंड्या ने 28 गेंदों में 59 रन की मैच बदलने वाली पारी खेलकर अपनी ऑलराउंड क्षमता फिर साबित की। वह इस फॉर्म को जारी रखने केलिए उत्सुक हैं।

**बॉलिंग कॉम्बिनेशन पर टीम प्रबंधन का ध्यान :** पहले मैच की प्लेइंग इलेवन से संकेत मिले कि अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव दोनों शायद एक साथ अंतिम एकादश का हिस्सा न हों। टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजी विकल्प रखना चाहता है, इसलिए गेंदबाजी संयोजन में बदलाव संभव है। अर्शदीप ने पहले मैच में शानदार गेंदबाजी कर शुरुआती झटकेदिए थे।

**दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी बड़ी चिंता :** 176 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका सिर्फ 74 रन पर सिमट गई। कप्तान एडेन मार्क्रम ने स्वीकार किया कि बल्लेबाज हालात केअनुसार तालमेल नहीं बैठा पाए और साझेदारी न बनना हार का बड़ा कारण रहा।

**स्टेडियम में युवराज–हरमनप्रीत स्टैंड का अनावरण :** यह मैदान पहली बार पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय की मेजबानी करेगा। मैच केदौरान युवराज सिंह और हरमनप्रीत कौर के नाम पर बने स्टैंड का अनावरण भी किया जाएगा।

टीमें

भारतः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, संजू सैमसन।

दक्षिण अफ्रीकाः एडेन मार्क्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, केशव महाराज, लूथो सिपाम्ला, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, रीजा हेंड्रिक्स, कॉर्बिन बॉश, ओटनील बार्टमैन।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से शुरू होगा।

# वनडे रैंकिंग में विराट कोहली दूसरे स्थान पर

**दुबई, 10 दिसंबर।** आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एक बार फिर दमदार वापसी करते हुए दूसरे स्थान पर जगह बना ली है। वहीं भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अब भी 781 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं।

कोहली ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए 302 रन बनाए थे और वे मैन ऑफ द सीरीज चुने गए थे। इसी प्रदर्शन की बदौलत वह दो स्थान ऊपर चढ़कर अब 773 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे नंबर पर आ गए हैं। कोहली विशाखापत्तनम में खेले गए आखिरी वनडे में नाबाद 65 रन बनाकर रोहित शर्मा से सिर्फ 8 अंक पीछे रह गए हैं।

**गिल टॉप-5 में बरकरार, राहुल ने बढ़त बनाई :** शुभमन गिल चोट की वजह से सीरीज़ में हिस्सा नहीं ले पाए, इसके बावजूद वह पाचवें स्थान पर अपनी जगह बनाए हुए हैं। वहीं उनकी गैरमौजूदगी में कप्तानी करने वाले केएल राहुल दो स्थान ऊपर उठकर अब 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**गेंदबाजी रैंकिंग में भी भारत का दबदबा :** भारत के बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव को भी तीन स्थान का फायदा हुआ है और वह वनडे गेंदबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर आ गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक, एडेन मार्कराम और तेंबा बावुमा भी अपने अच्छे प्रदर्शन के चलते रैंकिंग में ऊपर उठे हैं।

**टी20 रैंकिंग में भारतीय तिकड़ी का प्रभाव :** कटक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 101 रन की बड़ी जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी भारतीय खिलाड़ियों की स्थिति बेहतर हुई है। अक्षर पटेल दो स्थान ऊपर उठकर 13वें स्थान पर, अर्शदीप सिंह तीन स्थान ऊपर उठकर 20वें स्थान पर, जसप्रीत बुमराह छह स्थान ऊपर उठकर 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं

**टेस्ट रैंकिंग में यशस्वी शीर्ष भारतीय बल्लेबाज :** टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में यशस्वी जायसवाल आठवें स्थान पर शीर्ष भारतीय बल्लेबाज बने हुए हैं। गिल और ऋषभ पंत एक-एक स्थान ऊपर बढ़कर क्रमशः 11वें और 13वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 पर मजबूती से कायम हैं। मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव को भी एक-एक स्थान का फायदा हुआ है।



**स्टार्क टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर :** इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज़ में शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क तीन स्थान की छलांग लगाकर टेस्ट गेंदबाजों में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दो मैचों में 18 विकेट चटकाए और लगातार दो बार मैन ऑफ द मैच चुने गए।

### मेसी लगातार दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा), 10 दिसंबर।** इंटर मियामी के स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। अर्जेंटीना के38 वर्षीय दिग्गज को लगातार दूसरे साल 'एमएलएस प्लेयर ऑफ द ईयर' चुना गया है। मेसी केशानदार प्रदर्शन का असर टीम की सफलता पर भी साफ दिखा। उनकी अगुआई में इंटर मियामी को 'टीम ऑफ द ईयर' अवॉर्ड मिला। एमएलएस कप चैंपियन टीम केकप्तान मेस्सी लीग इतिहास में लगातार दो बार एमवीपी खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मंगलवार को उन्हें लीग केइस वर्ष केसर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान केविजेता केरूप में घोषित किया गया। सम्मान मिलने केबाद मेसी ने अपने साथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि टीम केसहयोग केबिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी।

# दिनेश कार्तिक लंदन स्पिरिट के मेंटर व बैटिंग कोच बने

**लंदन, 10 दिसंबर।** द हंड्रेड की टीम लंदन स्पिरिट का मेंटर (मार्गदर्शक) और बल्लेबाजी कोच की जिम्मेवारी भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को सौंपी गई है। यह घोषणा फ्रेंचाइजी की ओर से की गई है।

यह पहली बार है कि दिनेश कार्तिक जब इंडियन प्रीमियर लीग से इतर सहयोगी स्टाफ की भूमिका निभाएंगे। वह आईपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ इसी भूमिका में काम करते हैं।

लंदन स्पिरिट के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने बयान जारी कर कहा है कि डीके (दिनेश कार्तिक) का लंदन स्पिरिट में स्वागत करना हमारे लिए खुशी की बात है। उन्हें क्रिकेट का बहुत अच्छा ज्ञान है और खेल के सबसे छोटे प्रारूप में फ्रेंचाइजी क्रिकेट में उनका व्यापक अनुभव हमारे लिए अमूल्य साबित होगा। कार्तिक ने आईपीएल 2024 के बाद घरेलू क्रिकेट में एक खिलाड़ी के रूप में अपना कैरियर समाप्त कर दिया था, लेकिन वे अन्य लीग में खेलते हैं। 40 वर्षीय कार्तिक वर्तमान में यूएई की आईएलटी20 लीग में शारजाह वॉरियर्स की टीम में शामिल हैं। वह एसए20 के पिछले यत्र में पार्ल रॉयल्स की तरफ से खेले थे। इस संबंध में दिनेश कार्तिक ने कहा कि लंदन स्पिरिट से जुड़ने का यह कितना शानदार समय है। मैं वास्तव में इसके लिए उत्साहित हूं। लॉर्ड्स में काम करते हुए गर्मियां बिताना सचमुच सपना सच होने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह वही मैदान है जहां मैंने भारत की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था। लॉर्ड्स मेरे दिल के बहुत करीब है।



# क्रिकेट से ज्यादा कुछ पसंद नहीं: स्मृति मंधाना

**नईदिल्ली, 10 दिसंबर।** स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना को भारत के लिए खेलते हुए 12 साल हो गए हैं और इस दौरान उन्हें महसूस हुआ है कि उन्हें दुनिया में क्रिकेट से ज्यादा कुछ भी चीज पसंद नहीं है।

भारत की बाएं हाथ की महान बल्लेबाज मंधाना ने 2013 में अपने पदार्पण से लेकर पिछले महीने टीम की विश्व कप में जीत में अहम भूमिका निभाने तक की अपनी यात्रा पर बात की।

मंधाना ने अपने जुनून के बारे में बात करते हुए बुधवार को यहां 'एमेजॉन संभव सम्मेलन' में कहा, ''मुझे नहीं लगता कि क्रिकेट से ज्यादा मैं किसी चीज से प्यार करती हूं। भारतीय जर्सी पहनना ही हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है। आप अपनी सारी परेशानियां एक तरफ रख देते हैं और सिर्फ यही आपको जीवन पर ध्यान लगाने में मदद करता है।

उन्हें अपने सपने को लेकर हमेशा से स्पष्टता थी। उन्होंने कहा, ''बचपन से ही बल्लेबाजी का पागलपन था। कोई समझ नहीं पाता था, लेकिन मेरे दिमाग में हमेशा था कि मुझे विश्व चैंपियन कहलाना है।

मंधाना ने कहा कि यह ट्रॉफी टीम के लंबे संघर्ष का फल है। भारतीय टीम की उप कप्तान ने कहा, ''यह विश्व कप उन संघर्षों का पुरस्कार था जिनसे हम वर्षों से जूझते आए हैं। हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मैं 12 साल से ज्यादा समय से खेल रही हूं। कई बार चीजें हमारे मुताबिक नहीं होती। हमने फाइनल से पहले इसे अपने दिमाग में देखा था और जब स्क्रीन पर इसे सच होते देखा तो रोंगटे खड़े हो गए। यह अविश्वसनीय और बहुत खास पल था।''

मंधाना ने बताया कि फाइनल में मिताली राज और झूलन गोस्वामी की मौजूदगी ने भावनाओं का स्तर बढ़ा दिया था। उन्होंने कहा, ''हम सच में उनके लिए यह जीत दर्ज करना चाहते थे। उनकी आंखों में आंसू देखकर लगा कि पूरा महिला क्रिकेट जीत रहा है। यह लड़ाई उनकी भी जीत थी।''

मंधाना ने कहा कि इस विश्व कप ने दो अहम सबक और मजबूत किए। उन्होंने कहा, ''हर पारी शून्य से शुरू होती है, चाहे पिछली पारी में आपने शतक ही क्यों न बनाया हो। और कभी अपने लिए मत खेलो, हम यही बात एक-दूसरे को याद दिलाते रहे।

संगीतकार पलाश मुच्छल से शादी तोड़ने के बाद मंधाना ने पहली बार किसी कार्यक्रम में शिरकत की।

### कोहली और रोहित के अनुबंध पर होगी चर्चा

**मुंबई, 10 दिसंबर।** भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ-साथ घरेलू क्रिकेट में महिला खिलाड़ियों के अनुबंध में बदलाव पर 22 दिसंबर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की शीर्ष परिषद की सालाना आम बैठक (एजीएम) में चर्चा होगी। शीर्ष परिषद की 31वीं एजीएम ऑनलाइन होगी जिसमें कोहली और रोहित के अनुबंध पर फैसला होने की उम्मीद है। ये दोनों पिछले एक साल में टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हैं। इस संदर्भ में भारत के टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कप्तान शुभमन गिल को सीनियर ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ 'ए प्लस' वर्ग में रखा जा सकता है। अन्य मामलों में अंपायरों और मैच रेफरी के भुगतान में बदलाव के साथ-साथ बोर्ड की डिजिटल संपत्तियों के अपडेट पर भी चर्चा होगी।

# हुड्डा, तन्वी, मन्नेपल्ली और किरण ओडिशा मास्टर्स टॉप-8 में

**कटक, 10 दिसंबर।** शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा और थारुन मन्नेपल्ली के साथ भारत के अन्य बैडमिंटन खिलाड़ी बुधवार को यहां आराम से ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 के एकल वर्ग में प्रीक्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। महिला एकल में उन्नति ने संयुक्त अरब अमीरात की पी भरत को 21–12, 21–18 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। छठी वरीय अनमोल खरब ने थाईलैंड की वाई केटक्लिएंग पर 21–17, 19–21, 23–21 से जीत हासिल की जबकि तीसरी वरीय तन्वी शर्मा ने जापान की आइका इवाकी को 21–8, 17–21, 21–18 से हराया।

पांचवीं वरीयता प्राप्त अनुपमा उपाध्याय को इंडोनेशिया की डालिला अघनिया पुटेरी को 21–14, 21–13 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी।

पुरुषों केएकल ड्रॉ में भी वरीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

मन्नेपल्ली ने मानव चौधरी को 21–5, 21–8 से जबकि दूसरे वरीय किरण जॉर्ज ने राजेश श्रीकर को 21–12, 21–13 से आसानी से हराया।

चौथे वरीय प्रियांशु राजावत को सनीथ दयानंद ने कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और 21–19, 14–21, 21–13 से जीत हासिल की। सातवें वरीय एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने दर्शन पुजारी को 21–19, 23–21 से हराया और आठवें वरीय ऋत्विक संजीवी सतीश कुमार ने नुमैर शेख पर सीधे गेम में जीत हासिल की। गोविंद कृष्णा, ओरिजित चालिहा, सिद्धांत गुप्ता, रौनक चौहान, वरुण कपूर, आर्या भीवपाठकी ने भी अपने मैच जीते जबकि एआर रोहन कुमार ने छठे वरीय मनराज सिंह को 21–6, 21–12 से हराया। महिलाओं केदूसरे एकल मैचों में अदिति भट्ट, अदिति राव और इशरानी बरुआ ने जीत दर्ज की। आकर्षि कश्यप ने चीनी ताइपे की यी एन हसीह पर 21–9, 21–10 से शानदार जीत दर्ज की। वहीं आठवीं वरीय श्रेयांशी वलीशेट्टी ने अलीशा नाइक को 21–17, 21–12 से हराया।

### भारतीय निशानेबाजी लीग 16 फरवरी से

**नईदिल्ली, 10 दिसंबर।** भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) के पहले सत्र का आयोजन अगले साल 16 से 26 फरवरी तक किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से टकराव से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के 2026 कैलेंडर के हिसाब से तारीखें तय की गई हैं।

# वेस्टइंडीज 205 रन पर आउट

**वेलिंगटन, 10 दिसंबर।** न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर के चोटिल होने से पहले किए गए शानदार प्रदर्शन की मदद से वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन बुधवार को यहां पहली पारी में 205 रन पर आउट कर दिया।

टिकनर ने 32 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन क्षेत्ररक्षण करते समय वह गिर गए और उनके कंधे में चोट लग गई। इसके बाद उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया।

टिकनर को अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे माइकल रे से अच्छा सहयोग मिला। उन्होंने 65 रन देकर तीन विकेट लिए जिससे वेस्टइंडीज की टीम 75 ओवर में ही सिमट गई। न्यूजीलैंड ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 24 रन बनाए हैं। उस समय डेवोन कॉनवे 16 और कप्तान टॉम लैथम सात रन पर खेल रहे थे। न्यूजीलैंड इस तरह से वेस्टइंडीज से पहली पारी में 181 रन पीछे है।

खेलढाबा ई-पेपर में दीजिए विज्ञापन-जहां खिलाड़ी के साथ आपका ब्रांड भी चमके
लोकल बिजनेस से लेकर नेशनल ब्रांड तक
का संदेश खेलढाबा ई-पेपर के जरिए पहुंचे
हर खिलाड़ी, हर पाठक और हर स्क्रीन तक
ADVERTISE NOW ON
संपर्क करें
DIGITAL REACH ACROSS INDIA
SPORTS AUDIENCE WITH REAL ENGAGEMENT
AFFORDABLE, TARGETED ADVERTISING PACKAGES
DAILY UPDATES • REAL READERS • REAL IMPACT
खेलढाबा SPORTS NEWS
7870100025 7870100025 kheldhaba@gmail.com







चेन्नई में संपन्न जूनियर मेंस विश्व कप हॉकी चैंपियनशिप के समापन समारोह में पहुंचीं बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम (बायें) और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह (बीच में) ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्र शंकरण को भी सम्मानित किया गया।









